# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :–1646/2017

बंशी लाल

–अपीलार्थी

**बनाम**

1. राजस्थान राज्य जरिये पुलिस महानिदेशक, लालकोठी, जयपुर।
2. पुलिस अधीक्षक, उदयपुर, राजस्थान।

–प्रत्यर्थीगण

आदेश की दिनांक : 17.05.2024

उपस्थित –

**अपीलार्थी की ओर से** : श्री एम.एस. राघव, अधिवक्ता

**प्रत्यर्थी विभाग की ओर से** : डॉ. पुष्पेन्द्र पाल सिंह, अति.राजकीय अधिवक्ता

**समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य(न्यायिक)**
**शुचि शर्मा, सदस्य**

## आदेश

1. इस अपील में अपीलार्थी ने आदेश दिनांक 13.04.2017 को चुनौती दी है, जिसमें अपीलार्थी से मोटर दुर्घटना वाद संख्या 306/2005 के अवार्ड की भुगतान राशि 275508/–रूपये की वसूली उसके वेतन से किये जाने के आदेश दिये गये हैं। अपीलार्थी ने यह तथ्य अंकित किये हैं कि अपीलार्थी कॉस्टेबल (ड्राईवर) के पद पर कार्यरत था। दिनांक 19.12.2004 को अपीलार्थी सरकार वाहन संख्या आर.जे.14 पी. ए.956 में हैड कॉस्टेबल गोकुलराम के साथ पुलिस लाईन उदयपुर जा रहा था। तभी अपीलार्थी के वाहन से बाई साईड से राहगीर को टक्कर हो गई। उक्त दुर्घटना के सम्बन्ध में एफआईआर संख्या 403/2004 एवं 269/2004 के अन्तर्गत धारा 279 एवं 304ए. आईपीसी के तहत दर्ज हुई। पुलिस द्वारा प्रकरण में चालान प्रस्तुत किया गया। अपीलार्थी के विरूद्ध उक्त मामले के सम्बन्ध में अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गई। अपीलार्थी को उस अनुशासनात्मक कार्यवाही में दण्डित किया गया, जिसमें अपीलार्थी की तीन वार्षिक वेतन वृद्धियां भविष्य प्रभाव के साथ रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। इसके पश्चात अपीलार्थी से मोटर दुर्घटना वाद के सम्बन्ध में अवार्ड की राशि भी वसूल किये जाने के आदेश पृथक से पारित किये गये हैं। अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि दुर्घटना वाहन की टेक्निकल गलती के कारण हुई थी, क्योंकि ब्रेक पाईप टूट गई थी। अपीलार्थी को अनुशासनिक कार्यवाही में दण्डित किया जा चुका है। ऐसे में अपीलार्थी से दुर्घटना वाद के तहत अवार्ड राशि वसूल किया जाना दौहरी सजा की श्रेणी में आता है। Double jeopardy सिद्धान्त के अनुसार वसूली की कार्यवाही किया जाना उचित नहीं है। क्योंकि पूर्व में ही अपीलार्थी को अनुशासनात्मक कार्यवाही में दण्डित किया जा

चुका है, ऐसे में अपीलार्थी के वेतन से वसूली किया जाना दौहरी सजा दिये जाने के समान है, जो उचित नहीं है।

2. अपीलार्थी के अधिवक्ता ने अपने तर्को के समर्थन में न्यायिक दृष्टांत W.P(MD) No. 4966 of 2009 S. Chinnamani Vs. The Superintendent of Police, Theni District निर्णय दिनांक 10.02.2017 (मद्रास हाईकोर्ट) प्रस्तुत किया है, जिसमें ड्राईवर से दुर्घटना वाद राशि की वसूली किया जाना उचित नहीं माना है।

3. प्रत्यर्थी विभाग की ओर से जवाब प्रस्तुत कर यह अंकित किया गया है कि अपीलार्थी से तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से दुर्घटना हुई है, जिससे एक राहगीर को टक्कर लगने पर वह घायल हो गया। यह भी अंकित किया गया है कि प्रभारी हैड कानिस्टेबल श्री गोकुल राम ने अपीलार्थी को वाहन रोकने के लिये कहने के बावजूद भी वाहन नहीं रोकने पर अपीलार्थी का हाथ पकडकर वाहन को रूकवाया गया और वाहन से नीचे उतर कर घायल व्यक्तियो को राह चलते साधन से हास्पिटल पहुंचाया गया। मोटर दुर्घटना वाद संख्या 306/2005 की अवार्ड भुगतान राशि 2,75,508/– रूपये की वसूली जमा नहीं कराये जाने के कारण महालेखाकार राजस्थान, जयपुर के निरीक्षण प्रतिवेदन 2006–07 के आक्षेप संख्या–4 की अनुपालना में अपीलार्थी को दिनांक 13.04.2017 को पत्र जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया, परन्तु अपीलार्थी ने प्रत्यर्थी विभाग को अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया एवं सीधे ही माननीय न्यायालय में अपील दायर कर दी गई।

4. हमनें दोनों पक्षों द्वारा दिए गए तर्कों पर विचार किया। हम यह पाते हैं कि अपीलार्थी को उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में विभागीय जांच में आरोप पत्र दिया गया था। जिस जांच में अंतिम रूप से निर्णय कर अपीलार्थी की तीन वार्षिक वेतन वृद्धियां भविष्य प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया। इस प्रकार अपीलार्थी को विभागीय जांच में दण्डित किया जा चुका है। बाद में अपीलार्थी से उसी दुर्घटना से सम्बन्धित मोटर दुर्घटना वाद की अवार्ड की राशि वसूल की जाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसे इस अपील में चुनौती दी गयी है। माननीय मद्रास उच्च न्यायालय के प्रकरण W.P(MD) No. 4966 of 2009 S. Chinnamani Vs. The Superintendent of Police, Theni District में पारित निर्णय दिनांक 10.02.2017 में निम्न प्रकार से मत व्यक्त किया गया है :–

> "6. The learned counsel appearing for the petitioner would contend that for the same incident, two punishments were imposed on the petitioner. Therefore, it would amount to double jeopardy. The respondents cannot impose the punishment of recovery of 1/4th of the compensation awarded by the Motor Accident Claims Tribunal from the writ petitioner. He had already suffered a punishment as per Rule 3(a) of the Tamil Nadu Police Subordinate Service (Discipline and Appeal) Rules, 1955, vide order dated 09.02.2009 in P.R.No.60/2001 in the departmental proceedings conducted against him for the misconduct. The Tamil Nadu Administrative Tribunal in a similar circumstances passed an order in O.A.No.1503 of 2004

relying on the judgment of this Court in W.P.No.11002 of 1999 dated 07.07.1999, wherein it has held as follows:

?4.Moreover, the High Court in Writ Petition No.11002 of 1999, by its Judgment, dated 7-7-1999 has held as follows:

?By present proceedings, the petitioners are seeking to recover the aforesaid amount from the respondent No.1. In our view, the claim made is wholly unsustainable as the petitioners in the capacity of employers of respondent No.1 are durty bound in law to pay the compensation which have been initiated for recovering back the said amount from respondent No.1 in the circumstances is misconceived. Present petition in the circumstances is therefore summarily rejected.?

That was a writ petition filed by the State challenging the order allowing the petition filed by the petitioner / a Government Driver, questioning the validity of the recovery order. Therefore, the accident cannot be made liable for the compensation paid by the department to the victim. The application is therefore allowed The order of recovery is set aside.?

Therefore, he would further contend that even assuming that the Government has power to make a token recovery, it cannot be presumed that 1/4th of the compensation awarded by the Motor Accident Claims Tribunal can be recovered from the delinquent officer. The said exercise of power is whimsical and arbitrary. If that recovery is made, the petitioner would be receiving a very meager salary and would be put to grave hardship. In those circumstances, in the interest of justice and in view of the principles of natural justice, he would pray that the impugned order should be set aside.

7. Per contra, the learned Additional Government Pleader appearing for the respondent would submit that the writ petitioner was caused a grave accident involving death of a third party. The recovery order has been passed following the norms and rules correctly as held in the Government Letter No.42093/Pol-XI/2008-1, dated 19.05.2008 and Government Letter No.42093/Pol.XI/2008-2, dated 25.09.2008 and Circular Memo No.120380/MT II(1)/2009 dated 27.07.2009. The Government has issued clear instructions that ?When any pecuniary loss is caused, recovery from their (driver) pay of the whole or part of such pecuniary loss may be made by way of penalty. The punishment was awarded departmentally for his negligent of duty and the recovery was made according to the existing rules for having caused huge pecuniary loss to the public money by way of penalty. Therefore, the order passed by the respondent is very much legal and in order. Hence, the writ petition is liable to be dismissed.

8. Heard both sides and perused the materials produced.

9. According to the petitioner, two punishments were imposed on him and therefore, it would amount to double jeopardy. On considering the contentions of the learned Additional Government Pleader and also the materials relied on, it is seen that one is a punishment imposed based on the departmental enquiry and another one is a punishment imposed for misconduct. Departmental enquiry was conducted for a misconduct under Rule 3(a) of Tamil Nadu Police Subordinate Service (Discipline and Appeal) Rules, 1955. Learned Additional Government Pleader contended that both the proceedings are independent of the other. Insofar as the recovery of money is concerned, it is consequent to the G.O.Ms.No.393, dated 01.03.1998. It cannot be construed as a punishment. But, it shall be construed as compensatory payment towards the loss caused to the public money. Therefore, the arguments of the learned counsel for the petitioner that it amounts to double jeopardy, cannot be sustained.

10. It is an admitted case that the petitioner had caused an accident while driving the Government vehicle. He is governed by the Tamil Nadu Police Subordinate Service (Discipline and Appeal) Rules, 1955. As per Rule 3(a) disciplinary action has been taken against the delinquent officer namely, the writ petitioner herein. It has to be seen whether the respondent is empowered to take action against the delinquent officer for the same incident by way of the executive instructions issued in G.O.(Ms) No.393, Home (Transport. IV) Department, dated 01.03.1998. The said Government Order has been passed with an object that the negligent drivers should not scot free and they should also feel the pinch of the delinquency of the rash and negligent driving. Therefore, considering the provisions of Rule 8(v)(a) of the Tamil Nadu Civil Services (Classification Control and Appeal) Rules, recovery from the pay of the whole or part of such pecuniary loss may be made by way of penalty in these circumstances, Government, consider that there is no need for making separate rules for effecting token recovery from the Drivers in case Government vehicles got involved in accidents. The said Government Order is an administrative instruction given by the Special Commissioner & Secretary to Government, Home Department.

11. It is well settled in service jurisprudence that the Government employees are governed by the Service Rules pursuant to their service. They cannot be subjected to disciplinary action under rules governing some other service. In other words, service rules alien to an individual service cannot be imported to impose punishment on them.

12. Insofar as the present action of the respondent is concerned, the Government Order has been passed with a good object of imposing discipline in the minds of erring and negligent drivers. In order to make them to feel the pinch, compensatory sum can be recovered from them from their salary. For such an action, the respondent should have power under the Statute. But in the case on hand, we could see that only an administrative instruction following the Tamil Nadu Civil Services (C.C.A) Rules has been given, which has no application to the disciplinary proceedings taken against the petitioner. Unless it is provided in the statute to impose compensatory cost, the respondent is not entitled to pass an order of recovery. Moreover, the petitioner has challenged the impugned order of recovery on the grounds of violation of principles of natural justice, double jeopardy and arbitrary exercise of power.

13. The further argument of the learned counsel for the writ petitioner is that the token recovery must be nominal and it cannot be 1/4th of the amount. Assuming that a compensation of Rs.1 Crore is awarded by the Motor Accident Claims Tribunal, a Government servant cannot be fastened with 1/4th viz., Rs.25,00,000/- to be recovered from his salary or terminal benefits. Such exercise of power does not have any rationale behind it. Recovery without having any norms, if imposed, at the discretion of authorities, would result in whimsical exercise of power.

14. **In the instance case also, recovery of Rs.55,260/- being 1/4th of compensation awarded by the Motor Accident Claims Tribunal is without any sound reasons and rationale having nexus to the object sought to be achieved, but penal. Therefore, the contention of the learned Additional Government Pleader that the impugned order of recovery came to be passed in accordance with the rules and norms cannot be countenanced. In fact, the present action of the respondent amounts to double jeopardy subjecting in the writ petitioner put to punishments. Such an action is violative of principles of natural justice and without any backing of the statutory rules.**

15. Considering the above legal aspects of the matter and in view of the discussions made above, this Court is of the considered view that the writ petition deserves to be allowed. Accordingly, the impugned order is set aside and the writ petition is allowed and the respondent is directed to refund the amount already recovered from the petitioner, if any,

> within a period of eight weeks from the date of receipt of a copy of this order. No costs. Consequently, connected miscellaneous petition is closed."

5. उपरोक्त न्यायिक दृष्टांत से हम पाते हैं कि माननीय मद्रास उच्च न्यायालय ने समान मामले में यह माना है कि अवार्ड राशि की वसूली वेतन से किये जाने का कोई नियम नहीं है। साथ ही यह भी माना है कि ऐसी वसूली किया जाना Penalty है और Double jeopardy की श्रेणी में आता है। वर्तमान प्रकरण में भी अपीलार्थी को सीसीए नियमों के तहत तीन वार्षिक वेतन वृद्धियां भविष्य प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है। इसके बावजूद भी अपीलार्थी से मोटर दुर्घटना वाद की अवार्ड राशि वसूली उसके वेतन से किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। ऐसे में हम पाते हैं कि इस मामले में अपीलार्थी को दुसरी बार दण्डित किया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

6. परिणामस्वरूप यह अपील स्वीकार की जाती है। अपीलार्थी से वसूली किये जाने का आदेश दिनांक 13.04.2017 अपास्त किया जाता है एवं प्रत्यर्थी विभाग को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलार्थी से मोटर दुर्घटना वाद में जारी अवार्ड राशि के सम्बन्ध में कोई राशि वसूल नहीं की जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि यदि पूर्व में अपीलार्थी से कोई राशि इस सम्बन्ध में वसूल की गयी है तो प्रत्यर्थी विभाग उस राशि को इस आदेश के दो माह की अवधि में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर के साथ लौटाये।

(शुचि शर्मा)
सदस्य

(अनन्त भंडारी)
सदस्य(न्यायिक)